## खबर संक्षेप

### खाली प्लॉट साफ न करने पर लगेगा जुर्माना

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शहरवासियों को चेतावनी दी है कि वे एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने खाली प्लॉटों की सफाई सुनिश्चित करें, अन्यथा निगम जुर्माना लगाएगा। उन्होंने कहा कि खाली प्लॉटों में कूड़ा-कर्कट और जलभराव होने से बीमारियों के फैलने का खतरा रहता है और आसपास के लोग परेशान होते हैं। आयुक्त ने कहा कि नगर निगम समय-समय पर सफाई करता है, लेकिन कुछ लोग प्लॉटों में कचरा डाल देते हैं जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है। नागरिक अपने प्लॉट की चारदीवारी या फेंसिंग करवाकर उन्हें सुरक्षित करें ताकि उनमें कोई कचरा न डाल सके।

### डीएवी पुलिस पब्लिक में समूह गान प्रतियोगिता

**करनाल।** भारत विकास परिषद की श्री राधाकृष्ण शाखा की ओर से राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, मधुबन में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पार्षद सुभाष चंद कांबोज थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा उत्तर प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र राणा ने की। प्रतियोगिता में छह टीमों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में मनिंदर बब्बू, अंजलि शर्मा और उर्मिल अरोड़ा शामिल रहीं। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 ने प्रथम, प्रकाश पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और बाबा रामदास स्कूल कलवेहड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### स्टेकहोल्डर्स के प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

करनाल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को "नई दिशा नई उड़ान" अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने की। उन्होंने ज्यूविनाइल्स के अधिकारों और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। ज्यूविनाइल जस्टिस बोर्ड के सदस्य बलराज और बाल कल्याण विभाग से सुमन ने बच्चों, अनाथ आश्रमों और शेल्टर होम्स में रहने वाले बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर डीएसपी मीना कुमारी, उमेश चानना, बाल कल्याण विभाग से रीना, सुपरिंटेंडेंट संध्या सहित कई अधिकारी और पैनल अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पराग गाबा की अध्यक्षता में कांग्रेस की बैठक

**करनाल।** कांग्रेस कार्यालय करनाल में जिला अध्यक्ष (शहरी) पराग गाबा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्षद पद का चुनाव लड़ चुके नेताओं सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांग्रेस विपक्ष आपके समक्ष अभियान के तहत हर वार्ड में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी।

### बरसात से प्रभावित किसानों को मुआवजे की मांग

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि भारी बरसात से प्रभावित हुए किसानों को उचित और सम्मानजनक मुआवजा दिया जाए। बीते रोज सरकार की ओर से शर्तों के आधार पर 7 से 15 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की घोषणा की गई। यह मुआवजा बहुत कम है। सरकार के इस फैसले से किसानों में नाराजगी है। भाकियू सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मेहला ने कहा कि यमुना से लगते करनाल के कई गांवों में भारी नुकसान हुआ है। यमुना का पानी खेतों में घुसने से फसलें बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने

### श्रीमद्भागवत कथा में भजनों पर झूमें भक्त

**करनाल।** श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल की ओर से सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मोमेंट में चल रहे श्री श्याम उत्सव के दूसरे दिन विश्वविख्यात कथावाचक श्री पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत त्रिकालज्ञ है, जो भूत, वर्तमान और भविष्य—तीनों काल से जुड़ी है। गोस्वामी जी ने कहा कि भूतकाल प्रारब्ध है, वर्तमान पुरुषार्थ है और भविष्य उसका फल है। कथा श्रवण से पुण्य मिलता है।

## अवैध रूप से कनेक्शन जुड़े होने के कारण हो रही परेशानी : एसडीओ

# सीवरेज की समस्या से परेशान होकर घर से निकले कॉलोनीवासी, धरना-प्रदर्शन

**शहर के वार्ड 15 तेलु सिंह कॉलोनी और आसपास के इलाकों के लोग बदहाल सीवरेज व्यवस्था से त्रस्त होकर सड़कों पर उतरे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



घरौंडा। पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते कॉलोनीवासी।



घरौंडा। पानी की समस्या को लेकर धरने पर बैठे कॉलोनीवासी।

शहर के वार्ड नंबर15 तेलु सिंह कॉलोनी और आसपास के इलाकों के लोग बदहाल सीवरेज व्यवस्था से त्रस्त होकर आखिरकार सड़कों पर उतर आए। सोमवार को वार्डवासियों ने जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के बाहर तीन घंटे तक धरना प्रदर्शन कर विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आक्रोशित लोगों ने विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थाई समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को बड़े स्तर पर अंजाम दिया जाएगा।

वार्डवासियों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से इलाके में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। हल्की सी बरसात या घरों के पानी के ओवरफ्लो होते ही सीवरेज लाइनें जाम हो जाती हैं और गंदा पानी गलियों से होते हुए सीधे घरों में घुस जाता है। इससे जहां आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, वहीं गंदगी और दुर्गंध से छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे कई बार नगर पालिका और जन स्वास्थ्य विभाग को शिकायत कर चुके हैं। हर बार विभाग केवल दिखावटी मरम्मत करके चला जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों में समस्या दोबारा खड़ी हो जाती है। इस ढुलमुल रवैये से तंग आकर आज महिला और पुरुष दोनों एकजुट होकर विभागीय कार्यालय पहुंचे और धरना देकर अपना गुस्सा जाहिर किया।

वार्डवासियों का आरोप है कि उन्होंने इस मुद्दे पर अपने पार्षद से भी कई बार शिकायत की, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इस कारण लोगों को अपने ही घरों में नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### यह है वार्डवासियों की पीड़ा

**जगपाल सिंह ने कहा**

"हम लोग पिछले दो साल से इस समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात के दिनों में हालात और भी बिगड़ जाते हैं। अधिकारी केवल खानापूर्ति करते हैं।"

**मनोज कुमार बोले**

"सड़कों पर सीवरेज का गंदा पानी भरने से बच्चों की पढ़ाई और आम दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।"

**कलीराम का कहना था**

"नगर पालिका और विभाग समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे। अगर समय रहते समाधान नहीं हुआ तो हमें बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा।"

**दया कुमारी ने कहा**

"महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत है। घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। हम नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।"

### बोले अधिकारी

जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रविंद्र कुमार सैनी का कहना कि नगर पालिका द्वारा उनके सीवरेज में अवैध रूप से कनेक्शन जुड़े हुए है। जिसके चलते कई बार फेवरेट ब्लॉक हो जाता है लकिन समय समय पर सिवरेजो की सफाई की जाती है। तेलु सिंह कॉलोनी में सीवरेज की सफाई करवा दी अगर कोई समस्या है तो उसे शीघ्र ही दूर करवा दिया जएगा।

**रविंद्र कुमार सैनी, एसडीओ**



### नरेश सैन को मुख्य सहलाकार चुना

**घरौंडा।** सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक का त्रिवार्षिक सम्मेलन बड़े शांति प्रिया तरीके से घरौंडा के हर्बल पार्क में संपूर्ण हुआ। आज कर्मचारियों ने एकता का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से इस सम्मेलन का समापन हुआ। जिसमें घरौंडा के कई विभागीय संगठनों के कर्मचारियों ने भाग लिया। इसमें पुरानी कैबिनेट ने अपना पिछले तीन साल का ब्यौरा दिया जिसको हॉल ने सर्वसहमति से पास किया गया।आज के सम्मेलन में चुनाव प्रवेशक के रूप में जिला प्रधान सुशील गुज्जर, सचिव सेवाराम बड़सत व जिला उपप्रधान राजपाल मौला, रिटायर कर्मचारी संघ के स्टेट के साथी उद्यम सिंह राठी, पब्लिक हैल्थ के जिला प्रधान रंगलाल संधू, फोर्थ क्लास के स्टेट का नेता शिव कुमार आदि की मौजूदगी में शांति प्रिया तरीके से पूर्ण किया गया। आज के सम्मेलन में ब्लॉक में चुने गए कार्यकरणी प्रधान अंकित राणा सचिव रमेश सिंहमार कोषाध्यक्ष विनोद अग्निशामक प्रेस सचिव अनिल कुमार उपली मुख्य सलाहकार नरेश सैन व दिनेश शर्मा व अन्य साथी चुने गए।



### दयाल स्कूल में भजन गायन प्रतियोगिता आयोजित

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी में विद्यालय के संस्थापक और समाज सुधारक सरदार दयाल सिंह मजीठिया की पुण्यतिथि पर भजन गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्या सुषमा देवगन व मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या सुषमा देवगन ने कहा कि सरदार दयाल सिंह मजीठिया का जीवन शिक्षा और समाज सुधार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शिक्षा संस्थान और समाचार पत्र स्थापित कर समाज को नई दिशा दी। भजन गायन प्रतियोगिता में माउंट लिटरेरा, दून इंटरनेशनल, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7, गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल और एस.डी. मॉडल स्कूल सहित कई स्कूलों ने भाग लिया। एस.डी. मॉडल सीनियर सेकेंडरी ने प्रथम, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 ने द्वितीय और गुरु तेग बहादुर व माउंट लिटरेरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों की प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्ति भाव से गूंज उठा।

## राजेश वैध के सामने झुकी सरकार

# मनवाई बर्खास्त सफाई कर्मियों की सारी मांगें, किया स्वागत

- ठेका प्रथा के विरोध मे महाआंदोलन यात्रा के साथी माँगे पूरी होने पर आभार व्यक्त करने पहुंचे ग्रामीण कांग्रेस कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। बर्खास्त सफाई कर्मी आभार प्रकट करने पहुंचे राजेश वैध के कार्यालय में।

बीजेपी सरकार ने ठेके पर लगे करीब सात सौ सफाई कर्मियों को हटा दिया था पर कांग्रेस ने उनकी लड़ाई लड़ कर उनको बहाल कराया और भविष्य मे भी शोषित व गरीब कर्मचारियों की लड़ाई इसी मजबूती से लड़ी जायेगी, उक्त विचार करनाल कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राजेश वैध ने ठेका प्रथा के विरोध में सोनीपत से मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ तक महाआंदोलन यात्रा निकालने वाले सफाईकर्मियों के समक्ष नीलोखेड़ी स्थित कांग्रेस कार्यालय में धन्यवाद करने पहुंचे सफाई कर्मियों को कहे। गत 5 सितंबर को बर्खास्त सफाई कर्मियों की पदयात्रा सोनीपत से चल कर के डॉ उनके ग्रामीण कार्यालय पहुंची थी और अपना मांगपत्र सौंपा था और तुरंत प्रभाव से इनकी मांगो को मनवाने के लिए जी जान से लग गए । अंतत उनकी मेहनत रंग लाई ,सभी बर्खास्त सफाई कर्मचारियो की सारी मांगे मान ली गई।

### टीबी मुक्त समाज बनाने के लिए करें सहयोगः डॉ. सिम्मी



**करनाल।** उप सिविल सर्जन (टीबी) डॉ. सिम्मी कपूर ने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है और इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा निक्षय मित्र योजना चलाई जा रही है।

इस योजना के तहत कोई भी सामान्य नागरिक, गैर सरकारी व कॉर्पोरेट संस्था निक्षय मित्र बन कर टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण सहायता दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र बनना एक नैतिक कार्य है जिसके तहत आप टीबी मरीजों की सीधे तौर पर उनकी मदद कर सकते हैं।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

# विद्यार्थियों को उद्यमिता की महता और विशेषताओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। सेमिनार के दौरान कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में डॉ. चुहड़ सिंह के मार्गदर्शन में वाणिज्य एंव अर्थशास्त्र विभाग की ओर से कॉलेज छात्रों के लिए उद्यमिता के अवसर कैंपस से व्यवसाय शुरु करना विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में आईबीएस गुरुग्राम से डॉ. रचिता कश्यप ने मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने उद्यमिता की महता और विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उद्यमी को एक प्रेरक होने के साथ-साथ उसमें जोखिम सहन करने और निर्णय लेने की क्षमता भी होनी चाहिए। उन्होंने छात्रों की कॉलेज स्तर पर उद्यमिता की शुरुआत करने के संभावित तरीको के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं की क्षमता को बढ़ाने के लिए सरकार की विभिन्न नीतियों एवं योजनाओं से छात्रों को अवगत कराया। इस सेमिनार का पर्यवेक्षण प्रो. चेष्टा अरोड़ा वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा द्वारा किया गया। वाणिज्य विभाग से डॉ. भावना शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। प्रो. चेष्टा अरोड़ा ने विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रो. पवनदीप कौर ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इस सेमिनार में वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग से प्रो. अल्का, प्रो. रमनप्रीत, प्रो. मनप्रीत, प्रो. पूजा, प्रो. मनीष एवं प्रो. नीरज ने सहयोग दिया।

## जानी बैंक की बारीकियां

# प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी के विद्यार्थियों ने किया बैंक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 के छात्रों को प्रयासरत शिक्षा के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, तरावड़ी एवं बैंक ऑफ बड़ौदा का दौरा किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि बैंकिंग व्यवस्था किस प्रकार कार्य करती है और पुस्तकों में पढ़ाए गए सिद्धांतों का वास्तविक जीवन में कैसे प्रयोग होता है। उन्होंने लेखा-जोखा, लेन-देन की प्रक्रिया तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ प्राप्त कीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा के मार्गदर्शन और निर्देशिका पिथी चौधरी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक कर्मचारियों ने छात्रों को सरल ढंग से जानकारी दी और उनके प्रश्नों का समाधान किया।

## सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर लगेगा 25 हजार तक जुर्माना

# नगर निगम ने धार्मिक स्थलों और संस्थानों में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





करनाल। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान में जुटे नगर निकगम के सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम करनाल ने शहर के चारों जोन में सफाई अभियान चलाया। इसी कड़ी में मंगलवार को सेनिटेशन टीम ने माता प्रकाश कौर वाणी एवं श्रवण निःशक्त जन कल्याण केन्द्र सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई की।

निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत गांव सैदपुरा, कैलाश, मंगलपुर, शक्ति पुरम, चौधरी कॉलोनी, राम नगर और प्रेम नगर में सफाई कार्य किया गया। धार्मिक स्थलों में सेक्टर-7 स्थित श्री कर्णेश्वरम महादेव मंदिर, सेक्टर-14 पार्ट-2 का गुरूद्वारा संत बाबा गोला जी, राम नगर का हनुमान मंदिर और सनातन धर्म मंदिर व आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई।

उन्होंने बताया कि इस दौरान जन-जागरूकता अभियान, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, जीरो वेस्ट कार्यालय की गतिविधियां, रात्रिकालीन सफाई और डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह जैसी पहलें भी जारी रहीं। टीमों की निगरानी के लिए अतिरिक्त आयुक्त और मुख्य सफाई निरीक्षक रोजाना फील्ड विजिट कर रहे हैं।

## इग्नू का श्रेष्ठ प्रदर्शन

# इग्नू को मिला एनआईआरएफ रैंकिंग में पहला स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) द्वारा वर्ष 2025 की रैंकिंग में इग्नू को मुक्त विश्वविद्यालय श्रेणी में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनआईआरएफ के दिशानिर्देशों के अनुसार शिक्षण, सीखने और संसाधन, अनुसंधान, स्नातक परिणाम, समावेशिता और सहकर्मी धारणा जैसे मानकों पर देशभर के संस्थानों का मूल्यांकन किया जाता है। इन्हीं मानकों पर इग्नू ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है।

# महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं



करनाल। जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याएं सूनती मेयर रेनूबाला गुप्ता।

करनाल। नगर निगम करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने मंगलवार को निगम कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को बुलाकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया। इस दौरान पार्षद संकल्प भंडारी और भूपेंद्र नोतना मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि सड़क के गड्ढे भरने, सीवरेज जाम, बरसाती पानी की निकासी, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना है ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। महापौर ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। साथ ही कहा कि यदि कहीं कूड़ा-कचरा दिखाई दे तो उसकी शिकायत स्वच्छ सिटी एप और स्वच्छ हरियाणा एप पर करें।

## नियमों को ताक पर रखकर नन्हे-मुन्ने बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़

# गली-कूचों के बीच धड़ल्ले से चल रहे प्ले स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर में गली-कूचों के बीच धड़ल्ले से चल रहे प्राइवेट प्ले-वे स्कूल नियमों को ताक पर रखकर नन्हे-मुन्ने बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। न तो इन स्कूलों में सरकारी मापदंड के अनुसार बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं और न ही बच्चों को सुरक्षित लाने-ले जाने की कोई उचित व्यवस्था है। हालत यह है कि छोटे बच्चों को स्कूल वैनों में जान जोखिम में डालकर ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है।

ताजा मामला शहर के बीचों-बीच खुले ब्रिलिएंट प्ले वे स्कूल का है। सोमवार को मीडिया टीम ने देखा कि स्कूल की छोटी वैन, जिसमें सामान्यतः 12 से 14 बच्चों के बैठने की जगह है, उसमें करीब दो दर्जन बच्चों को भेड़ बकरियों की तरह भर दिया गया था। मासूम बच्चों को इस तरह भीड़ में ले जाना किसी भी समय बड़े हादसे को दावत दे सकता था। जब मीडिया कर्मियों को बताया और दिखाया और ड्राइवर से पूछा इतने बच्चों को एक ही वैन में ले जाने का कारण पूछा तो वह घबरा गया और आनन-फानन में करीब 7-8 बच्चों को वहीं उतार दिया। इन बच्चों को बाद में पैदल ही स्कूल वापस भेज दिया गया। यह नजारा देखकर मौके पर मौजूद अभिभावकों में आक्रोश फैल गया।





### जांच कर होगी कार्रवाई

समय-समय पर प्राइवेट स्कूलों की जांच की जाती है। हर बुधवार को प्राइवेट स्कूलों की वैन की चेकिंग लगातार जारी रहती है। गली-मोहल्लों में नियमों की अनदेखी करते हुए चल रहे स्कूलों की भी जांच होगी। ब्रिलिएंट प्ले वे स्कूल के मामले की भी तुरंत जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।/" अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अवैध व असुरक्षित स्कूलों पर तुरंत कार्रवाई हो, ताकि मासूम बच्चों की जिंदगी खतरे में न पड़े।

**रविंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी**

## खबर संक्षेप

### मंडी में मुर्गी की बीट एकत्र की

**इसराना।** मार्केट कमेटी, इसराना ने नई अनाज मंडी के शेड के नीचे गांव नौल्था के पूर्व सरपंच द्वारा मुर्गी फॉर्म की गंदगी डाले जाने की शिकायत थाना इसराना पुलिस को दी है। वहीं, पूर्व सरपंच को नोटिस जारी कर गंदगी को तत्काल हटवा कर वहां सफाई कराने के निर्देश दिए गए है। इधर, मंडी सचिव पवन नागपाल ने बताया कि पूर्व सरपंच को अगर जल्द ही गंदगी नहीं हटाई गई तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हकों के लिए संघर्ष करें : नेहा

**पानीपत।** पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट से एडवोकेट नेहा गुप्ता द्वारा बच्चों और स्कूल में अध्यापकगण को शिक्षित करने हेतु लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम चलाया गया। जिससे आज का युवा और आस पास का माहौल अपने लिए आवाज बिना डरे उठा सके और समय रहते न्याय ले सके। नेहा गुप्ता ने आरटीआई, साइबर क्राइम, वीमेन और चिल्ड्रन संबंधित क्राइम और लीगल ऐड संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। नेहा गुप्ता ने कहा कि अपने हकों की लड़ाई सबकों लडन्नी चाहिए तथा कानूनों का ज्ञान भी सबकों होना चाहिए।

### मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

**पानीपत।** भाजपा प्रदेश अनुसूचित मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरवाता 14 तारीख को होने वाली राज्य स्तरीय अनुसूचित मोर्चे की कार्यशाला की समीक्षा के लिए मंगलवार को पानीपत पहुंचे और मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मोर्चा के पानीपत जिलाध्यक्ष रविंद्र तोशामड़, प्रशांत चावरिया अनिल खत्री, संजय चहल, सुरजीत मंडल, सुभाष कबीरपंथी आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार मिलेगा

**पानीपत।** केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल एचटीटीपीएसः/ अवार्डसडॉटजीओवीडॉटइन के माध्यम से राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक पशुपालक 15 सितंबर तक उपरोक्त पोर्टल पर आवेदन भेज सकते हैं। यह जानकारी एडीसी डॉ. पंकज यादव ने दी।

### शहीद रणवीर कादियान को बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

# शहीदों के सपनों का भारत बनाएं युवा वर्गः भूपेंद्र

हरियाणा के पूर्व सैनिक संगठन की ओर से मरणोपरांत रणबीर कादियान को आर्य वीर रत्न की उपाधि देते हुए उनके पुत्र रणदीप आर्य को सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य बाल भारती स्कूल में मंगलवार को अमर शहीद चौधरी रणवीर सिंह कादियान का 60वां बलिदान दिवस मनाया गया। बता दें कि पानीपत जिला के गांव सिवाह के रणवीर कादियान 9 सितंबर, 1965 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए थे। शहीद दिवस समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह रहे। समारोह में जिला सैनिक कल्याण संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजवीर शर्मा, वीरमति आर्य, प्रकाशवती आर्य, सुनीता आर्य और आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधान सुमित्रा अहलावत विशिष्ट अतिथि रही।

भूतपूर्व सैनिक संगठन के प्रधान डॉ.सुदीप सांगवान, वायु सेना के फ्लाइंग ऑफिसर वेद प्रकाश शर्मा, सूबेदार कुलदीप अंबाला, कुनाल आर्य, आकाश ढांडा, आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक रामपाल आर्य व कुलदीप कुराड़ विशेष अतिथि रहे। समारोह की अध्यक्षता आर्य बाल भारती विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की।



**पानीपत।** पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह के स्मृति चिंह देते हुए रणदीप आर्य, सुनीता आर्य, कुनाल आर्य आदि।

समारोह में आर्य समाज बापौली के आर्यवीर डॉ.रामबीर आर्य, नवीन आर्य, विशाल आर्य, शीशपाल आर्य, जसपाल आर्य के साथ साथ प्रदेश भर से आए 200 पूर्व सैनिकों को भी आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। उप प्राचार्य जगदीश चहल ने सभी का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर गांव सिवाह की सरपंच सुनीता आर्य, पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह और स्कूल प्रधान रणदीप कादियान ने यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। हरियाणा के पूर्व सैनिक संगठन की ओर से मरणोपरांत रणबीर कादियान को आर्य वीर रत्न की उपाधि देते हुए उनके पुत्र रणदीप आर्य को सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि एसपी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों का हमेशा ऋणी रहेगा। जिन्होंने आजादी दिलवाने और आजादी की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इसलिए सभी नागरिकों को पूरी देशभक्ति के साथ समर्पित भाव से कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य की सफलता उसके स्वभाव, गुण, कर्म और व्यक्तित्व की उत्कृष्टता पर निर्भर करती है और रणदीप आर्य इन सभी गुणों में खरे उतरते हैं।

#### भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन में सभी पूर्व सैनिक आमंत्रित

प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि मैंने अपने पिता अमर शहीद रणवीर सिंह को नहीं देखा है लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में आकर मुझे सभी पूर्व सैनिकों में अपने पिता की तस्वीर साफ नजर आती है। सूबेदार कुलदीप अंबाला ने कहा कि आगामी 11 अक्तूबर को अंबाला में आयोजित होने वाले भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन में सभी पूर्व सैनिक आमंत्रित हैं। मुख्य अतिथि भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह होंगे। वहीं प्रधान रणदीप आर्य ने बताया कि दिल्ली में तीस अक्टूबर से एक नवंबर तक तीन दिवसीय विशाल वैदिक सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी वैदिक धर्मप्रेमी सादर आमंत्रित हैं।



**पानीपत।** महान शिक्षाविद् सरदार दयाल सिंह मजीठिया को नमन करते हुए डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ विनीता तोमर। फोटो : हरिभूमि

## पुण्य दिवस पर महान शिक्षाविद् सरदार मजीठिया को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13/17 में स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में महान शिक्षाविद् सरदार दयाल सिंह मजीठिया का 127 वां पुण्य दिवस मनाया गया। वहीं, प्राचार्या डॉ विनीता तोमर ने अध्यापकों, सह कर्मचारियों व विद्यार्थियों के साथ महान शिक्षाविद् सरदार दयाल सिंह मजीठिया को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं, प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने महान शिक्षाविद् सरदार दयाल सिंह मजीठिया के त्यागी व संघर्षशील जीवन की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सरदार मजीठिया, महान दानी व धर्म निरपेक्ष विचारक, राष्ट्रवादी नेता, विराट व्यक्तित्व वाले इंसान थे। शिक्षा के क्षेत्र में सरदार मजीठिया का योगदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा है।

## नए कानूनों की जानकारी दी

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में नए हिट एंड रन कानून और आपराधिक मामलों में महिलाओं की सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक व महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सीमा व कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. निधि के द्वारा तुलसी का पौधा भेंट कर मुख्यवक्ता एडवोकेट अर्पिता सिंगला का स्वागत किया।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर स्वस्थ्य जीवन शैली का संदेश दिया


**पानीपत।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस मनाते हुए विशेषज्ञ चिकित्सक।

- प्राकृतिक उपचार पद्धति है फिजियोथेरेपीः डॉ. प्रशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर मंगलवार को फिजियोथेरेपी के महत्व और इसके लाभों को रेखांकित करते हुए विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत बठला ने कहा कि यह केवल चोट लगने के बाद ही नहीं, बल्कि चोटों से बचाव, शारीरिक फिटनेस बनाए रखने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में भी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी एक साक्ष्य-आधारित प्राकृतिक उपचार पद्धति है, जो व्यायाम, शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से बीमारी और चोट के पुनर्वास में मदद करती है।

उन्होंने बताया कि फिजियोथरेपी में चोटों का इलाज, शारीरिक गतिविधि में सुधार, जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि, समग्र शारीरिक स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर करने में कारगर है। उन्होंने विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर समाज को संदेश दिया गया कि फिजियोथेरेपिस्ट लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह दिन उनके अथक प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है।

## 422 वाहनों के चालान, 24 इंपाउंड

**पानीपत।** पानीपत जिला यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान के अंतर्गत यातायात व थाना व चौकी पुलिस द्वारा चौथे दिन सोमवार को नेशनल हाइवे सहित विभिन्न स्थानों व मार्गों पर गहनता से चेंकिग की गई। वहीं, पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव, लेन चेंज, प्रेशर हॉर्न, रॉग पार्किंग, बगैर नंबर प्लेट, रॉग साइड ड्राइविंग व दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग, बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ना, बिना हेल्मेट और अन्य यातायात नियमों की उल्लंना करते पाए जाने पर 422 वाहनों के चालान किए व 24 को इंपाउंड किया गया।

- यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया

## आईबी कॉलेज की सिमरन केयू की मेरिट में

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एमकॉम चौथे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित*



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक, छात्रा सिमरन को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एमकॉम चौथे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें सिमरन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया। सिमरन ने चौथे सेमेस्टर में 600 में से 547 नंबर और ओवरऑल एम. कॉम. में 2500 में से 2043 नंबर प्राप्त किए। इस अवसर पर आई. बी. प्रबंध समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने विद्यार्थियों को बधाई दी। जबकि कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने सिमरन को बधाई देते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीत शर्मा, अजय पाल, माधवी, डॉ.ज्योति, रूहानी शर्मा, साक्षी मुंजाल, रीना रानी, रुचिका बत्रा, जागृति सैनी मोहित आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी के कार्यक्रम में सम्मानित होते हुए आईबीएल पब्लिक स्कूल की टीचर रूबी शर्मा।

## रूबी को मिला शिक्षक गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा आईबीएल पब्लिक स्कूल की वरिष्ठ कॉमर्स अध्यापिका रूबी शर्मा को पंचकूला स्थित राजकीय कॉलेज में आयोजित समारोह में शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। रूबी शर्मा को यह पुरस्कार शिक्षा के फील्ड में उल्लेखनीय योगदान हेतु शिक्षा मंत्री हरियाणा महीपाल, उपाध्यक्ष हरियाणा विधानसभा कृष्ण मिड्ढा ने दिया।

वहीं आईबीएल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ.जयश्री गर्ग, स्कूल के प्रबंधक युधिष्ठिर मिगलानी, प्रशासनिक अधिकारी गोबिंद कालड़ा, उप प्रधानाचार्या मीना तनेजा व साथी शिक्षकों ने रूबी शर्मा को बधाई दी।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भिजवाई

## ग्रामीणों ने गुरुद्वारा पहुंची राहत सामग्री की किट बनाने का कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना

मची तबाही से पंजाब में राहत सामग्री भेजे जाने का कार्य चल रहा है। इसराना व आस पास के गांवों से ग्रामीण राहत सामग्री से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां को गुरुद्वारा इसराना साहिब में इक्कठी की हुई थी अब इसके पैकट की पैकिंग कर राहत सामग्री बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजने का काम शुरू हो गया है।

मंगलवार को गुरुद्वारा इसराना साहिब में सेवादारों के साथ अन्य ग्रामीणों ने भी गुरुद्वारा पहुंची राहत सामग्री की किट बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। किट में चीनी, चावल, दाल, बिस्किट, चाय, टूथपेस्ट, साबुन व दवाइयों के साथ अन्य जरूरी सामान शामिल किया गया है। इसी दौरान जाट आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए 55 हजार रुपए की आर्थिक मदद की राशि गुरुद्वारा इसराना साहिब के बाबा दलविंदर सिंह को दी।


**पानीपत।** इसराना गुरुद्वारा साहिब में बाढ़ पीड़ितों के लिए वाहन में राहत सामग्री का लदान करते हुए सेवादार आदि। फोटो : हरिभूमि

### बाढ़ पीड़ितों की मदद की अपील

**पानीपत।** जनसेवा दल के सेवाभावी सेवक हर बार की तरह इस बार भी बाढ़ पीड़ितों को सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए खाद्य सामग्री व दवाइयों के ट्रक लेकर संभवतः 12 सितंबर को पंजाब के मुसीबत ग्रस्त क्षेत्रों में जाने की तैयारी में हैं। यह जानकारी जेपी गुप्ता, केसी सैनी, अजय सिंह, राजेश शुक्ला, किन्नर समाज की महंत नैना शर्मा, बेबी शर्मा, जनसेवा दल के प्रधान श्रीकृष्ण मनचंदा, महामंत्री चमन गुलाटी, युधिष्ठिर शर्मा, श्याम लाल खुंगर, कमल गुलाटी व अमित डूडेजा आदि ने देते हुए समाज के सामर्थ वर्ग से बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए तन मन धन से आगे आने की अपील की है।

### *हरियाणा सरकार संकट की में किसानों के साथ*

**पानीपत।** पंचायत एवं खनन मंत्री हरियाणा सरकार कृष्ण लाल पंवार ने कहा है कि जलभराव की समस्या से ग्रस्त किसान हरियाणा सरकार के क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी जमीन और खराब हुई फसल का डाटा अपलोड कर दें। सरकार द्वारा किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजा दिया जाएगा। मंत्री पंवार ने जारी ब्यान में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट कर दिया है कि बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में जो भी हानि हुई है, सरकार उस इलाके में लोगों की सहायता करेगी। हरियाणा सरकार पूरी तरह से संकट की इस घड़ी में किसानों के साथ है।

### एसडी कॉलेज में उत्तर दक्षिण शास्त्रीय संगीत और नृत्य का आयोजन

# हमारे देश के नृत्यों में ही बसी है देश की आत्मा : पवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में उत्तर दक्षिण शास्त्रीय संगीत और नृत्य श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें विदुषी आरथी इयंगर ने भरतनाट्यम और विदुषी असावरी पवार ने कत्थक नृत्य पेश कर सभी का मन को मोह लिया। कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और पायनियर आर्टस एजुकेशन सोसाइटी दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया। विशिष्ट उपस्थिति में बॉलीवुड और टेलीविजन की मशहूर अदाकारा रजनी गुप्ता, पायनियर आर्टस एजुकेशन सोसाइटी दिल्ली के सेक्रेटरी ललित नारंग, सदस्य प्रशांत और सीमा उपस्थित रहे।

मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, उपप्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने पौधे रोपित गमलें और अंगवस्त्र भेंट करके किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच संचालन डॉ. मोनिका खुराना ने किया। विदुषी असावरी पवार ने गणेश स्तुति, बाजत मृदंग नाचत शिवा शम्भू और कृष्ण भक्ति पर कत्थक के माध्यम से सभी को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। इसी प्रकार विदुषी आरथी इयंगर ने भरतनाट्यम में अद्भुत भाव भंगिमाएं पेश करके दर्शकों को मन्त्र.मुग्ध कर दिया। डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि दिल्ली में स्थापित पायनियर आट्र्स एजुकेशन सोसाइटी एक राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत गैर सरकारी संगठन है जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए समर्पित है। पानीपत शहर के लिए यह दिन ऐतिहासिक है चूकि इतने उच्च कोटि के दो कलाकारों ने अपनी कला को यहां प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर प्रो. प्रवीण खेरडे, डॉ. मुकेश पुनिया, डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. बलजिंदर सिंह, डॉ. वीरेंद्र गिल, प्रो. संजय चोपड़ा, डॉ. रवि कुमार, डॉ. राहुल जैन, डॉ. रेखा, डॉ. कविता आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** एसडी कॉलेज में उत्तर दक्षिण शास्त्रीय संगीत व नृत्य श्रृंखला का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### रोग के लक्षण उत्पन्न होते ही उपचार लें, लापरवाही जानलेवा

**पानीपत।** क्लासिकल होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति विशेषज्ञ डॉ जयश्री मलिक ने कहा कि बडी संख्या में महिलाएं हार्मोन से जुड़ी परेशानियों का सामना कर रही है। वहीं, अज्ञानता, शर्म व झिझक के चलते महिलाएं चुपचाप हार्मोन संबंधी परेशानियों को सहती रहती है। डॉ जयश्री ने बताया कि रजोनिवृत्ति एक महिला के जीवन में एक प्राकृतिक परिवर्तन है, जो उसके प्रजनन वर्षों के अंत का प्रतीक है। यह आमतौर पर 45 से 55 वर्ष की आयु के बीच होता है। उन्होंने बताया कि करीब अस्सी प्रतिशत महिलाओं को रजोंनिवृत्ति के किसी न किसी लक्षण का अनुभव होता है। इन लक्षणों में मूड में अचानक बदलाव, अवसाद, हॉट फ्लैशेस, सर दर्द, अनिद्रा बालों का झड़ना, वजन बढ़ना, योनि का सूखापन और महिला हार्मोन में बदलाव के कारण होने वाले अन्य अप्रिय लक्षण शामिल हो सकते हैं। डॉ जयश्री ने दावा किया कि क्लासिकल होम्योपैथी रजोनिवृति के पूर्व और रजोनिवृति के चरणों में एक महिला की महत्वपूर्ण मदद करती है और उसके जीवन के इस महत्वपूर्ण समय में संतुलित हार्मोन, शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्थिति प्रदान करती है।





**पानीपत।** संस्कृति पब्लिक स्कूल गांव खंडरा में छात्र की आंखें जांचते हुए विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

## आंखों के स्वस्थ्य के प्रति गंभीर रहें विद्यार्थीः चोपड़ा

**पानीपत।** संस्कृति पब्लिक स्कूल गांव खंडरा में लीलावती चतुर्भुज ट्रस्ट हॉस्पिटल की ओर से तीन दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के विद्यार्थियों की आंखों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा की गई। विशेषज्ञों ने बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय रहते उपचार और देखभाल के लिए आवश्यक सुझाव दिए। चेयरमैन कर्मवीर चोपड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। ऐसे शिविरों से बच्चों में जागरूकता बढ़ती है और वे अपनी सेहत के प्रति सजग रहते हैं। उन्होंने लीलावती चतुर्भुज ट्रस्ट हॉस्पिटल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी आंखों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहना चाहिए।

